__/__/__

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh

Date -                    Class - V

Subject- Hindi Language          Page-1

Subject Teacher- Ms. Roma Rani

'निबंध'

सुप्रभात प्यारे बच्चो!

यह पाठ कक्षा छठी की हिन्दी व्याकरण का है। इस पाठ में हम 'निबन्ध लेखन' के बारे में पढ़ेंगे। यह पाठ आपको 17 अक्तूबर 2022 को भेजा जाएगा।

बच्चो! 'निबन्ध' का अर्थ है - बँधा हुआ अर्थात् एक सूत्र में बँधी हुई रचना। निबन्ध किसी भी विषय पर लिखा जा सकता है। साधारण रूप से निबन्ध के विषय परिचित विषय होते हैं यानी जिनके बारे में हम सुनते, देखते व पढ़ते रहते हैं; जैसे - धार्मिक त्योहार, राष्ट्रीय त्योहार, विभिन्न प्रकार की समस्याएँ, मौसम आदि।

बच्चो! अच्छा निबन्ध लिखने के लिए निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए -

- निबन्ध के विषय पर अतिरिक्त जानकारी प्राप्त करनी चाहिए।
- निबन्ध की रूपरेखा बनाएँ तथा अपने विचारों को व्यवस्थित रूप देना चाहिए।
- निबन्ध की भाषा सरल, स्पष्ट, प्रभावशाली होनी चाहिए।
- आरंभ, मध्य अथवा अंत में किसी उक्ति अथवा विषय से संबंधित कविता की पंक्तियों का उल्लेख करना चाहिए।
- निबन्ध की शब्द - सीमा का ध्यान रखना चाहिए।

__/__/____

Date -                    Class - V
Subject - Hindi Language        Page - 2
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

- विषय से संबंधित सभी पहलुओं पर अपने विचार प्रकट करने चाहिए।
- सभी अनुच्छेद एक दूसरे से जुड़े होने चाहिए।
- उपसंहार प्रभावशाली होना चाहिए।
- वर्तनी व भाषा की शुद्धता, लेख की स्वच्छता एवं विराम-चिह्नों के प्रयोग पर ध्यान देना चाहिए।

प्यारे बच्चो! अब हम निबन्ध के अंगों पर चर्चा करेंगे।

मुख्य रूप से निबन्ध के तीन अंग होते हैं -

1. भूमिका - यह निबन्ध के आरंभ में एक अनुच्छेद में लिखी जाती है। इसमें विषय का परिचय दिया जाता है। यह प्रभावशाली होनी आवश्यक है, जो कि पाठक को निबन्ध पढ़ने के लिए प्रेरित करे।
2. विषय विस्तार - इसमें तीन से चार अनुच्छेदों में विषय के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रकट किए जाते हैं। प्रत्येक अनुच्छेद में एक-एक पहलू पर विचार लिखा जाता है।
3. उपसंहार - यह निबन्ध के अंत में लिखा जाता है। इस अंग में निबन्ध में लिखी गई बातों को सार के रूप में एक अनुच्छेद में लिखा जाता है। इसमें संदेश भी लिखा जाता है।

बच्चो! मैंने आपको 'निबन्ध' लेखन के विषय में समझा दिया है कि किस प्रकार से एक अच्छा निबन्ध लिखा जाता है। आशा है आप सभी ने इसे ध्यानपूर्वक सुना एवं समझा होगा। अब मैं आपको इसके आधार पर कुछ प्रश्न पूछूँगी। अब आप यहाँ पाँच मिनट का अंतराल लेंगे और इन प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में

__/__/____

Date -                                    Class - V.

Subject - Hindi Language                    Page - 3

Subject Teacher - Ms. Roma Rani

लिखेंगे।

प्रश्न 1. निबन्ध का क्या अर्थ है?

प्रश्न 2. निबन्ध लिखने के कौन - कौन से विषय हो सकते हैं?

प्रश्न 3. निबन्ध के कितने अंग होते हैं?

प्रश्न 4. निबन्ध में उपसंहार कब लिखा जाता?

बच्चो! अब आपका अंतराल का समय समाप्त हो गया है। अब मैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर बताऊँगी।

उत्तर 1. 'निबन्ध' का अर्थ है - बँधा हुआ अर्थात् एक सूत्र में बँधी हुई रचना।

उत्तर 2. निबन्ध के विषय जैसे - धार्मिक त्योहार, राष्ट्रीय त्योहार, विभिन्न प्रकार की समस्याएँ, मौसम आदि।

उत्तर 3. निबन्ध के तीन अंग होते हैं।

उत्तर 4. निबन्ध में उपसंहार अंत में लिखा जाता है।

बच्चो! अब मैं आपको गृह कार्य दूँगी जिसे आप अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे।

गृहकार्य :-

बच्चो! आप 'मेरा प्रिय खिलाड़ी' विषय पर 200 से 250 शब्दों में एक अच्छा निबंध अपनी व्याकरण की उत्तर - पुस्तिका में लिखेंगे।

धन्यवाद!

Last page